## कार्यालयः– जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–प्रथम (राज.)

क्रमांकः– 432 दिनांकः– 26-09-2024

### निविदा सूचना

इस न्यायक्षेत्र के अधीन जयपुर मुख्यालय एवं मुख्यालय से बाहर स्थित न्यायालयों में लगे हुए विभिन्न कंपनियों के फोटोकॉपियर्स, फैक्स मशीनों एवं प्रिंटर्स के कार्टेज में टोनर रिफिलिंग हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 (कुल 6 माह) की शेष अवधि के लिए अनुमानित लागत रूपये 2.50 लाख का कार्य कराने हेतु दर निविदा स्थापित की जानी है।

इस हेतु प्रतिष्ठित फर्मो/संस्थाओं/सेवा प्रदाताओं से सील बन्द निविदा दरें आमंत्रित की जाती है। दरें प्रस्तुत करने हेतु निविदा प्रपत्र मय शर्तो के इस कार्यालय की रोकड शाखा से रूपये 500/– जमा करवाकर दिनांक 07.10.2024 को अपराह्न 01.30 बजे तक किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुई निविदायें दिनांक 07.10.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक लेखाशाखा में प्रस्तुत की जा सकती है जो उसी दिन अपराह्न 4.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

निविदा प्रपत्र एवं शर्तें वित्त विभाग की वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है। डाउनलोड की गई निविदा के साथ रूपये 500/– का डी.डी./बैंकर्स चैक अलग से **जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–प्रथम** के पक्ष में सलंग्न करना होगा। किसी कारणवश अंतिम कार्यदिवस को राजकीय अवकाश घोषित होने पर अगला कार्यदिवस निविदा की कार्यवाही हेतु अंतिम दिवस माना जावेगा।

NIB– MET2425A0009
UBN – MET2425SS000009

अध्यक्ष,
क्रय समिति,
अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश
क्रम–03, जयपुर महानगर–प्रथम

क्रमांकः– दिनांकः–

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. श्रीमान जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–प्रथम
2. सिस्टम ऑफिसर, कार्यालय हाजा को वित्त विभाग एवं न्यायालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु
3. नोटिस बोर्ड–कार्यालय हाजा।

अध्यक्ष,
क्रय समिति,
अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश
क्रम–03, जयपुर महानगर–प्रथम

Scanned with OKEN Scanner

## कार्यालयः– जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–प्रथम (राज.)

### निविदा का प्रारुप

निविदा प्रपत्र शुल्क रु 500/–
(वापसी योग्य नहीं)

1. नाम एवं पता निविदाकार फर्म/ : ......................................................................
   संस्थान/सेवा प्रदाता ......................................................................
2. फोन/मोबाइल नंबर : ......................................................................
3. निविदा आईटम : फोटोस्टेट/फैक्स मशीनों एवं प्रिंटर्स में कार्टेज रिफिलिंग एवं मरम्मत कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 (कुल 6 माह)की शेष अवधि हेतु दर निविदा
4. निविदा क्रमांक/दिनांक : ......................................................................
5. निविदा की अनुमानित लागत : रु 2.50 लाख
   (i) निविदा प्रपत्र खरीदने की अंतिम तिथि 07.10.2024 को 1:30 PM तक
   (ii) भरी हुई निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 07.10.2024 को 03:00PM तक
   (iii) निविदा खोलने की तिथि 07.10.2024 को 4:30 PM
6. आयकर पैन नंबर/टिन नंबर : ......................................................................
   क्लियरेंस सर्टिफिकेट : Upto......................................................................
7. जी.एस.टी. नंबर : ......................................................................
   क्लियरेंस सर्टिफिकेट : Upto......................................................................
8. अमानता राशि का विवरणः : डी.डी. नंबर ............................ दिनांक ............................
   : राशि रुपये ............................ बैंक व ब्रांच का नाम ............................
9. निविदा शुल्क का विवरण : राशि रू................. जमा का प्रकार–नगद/बैकर्स चैक
   रसीद संख्या/बैकर्स चैक संख्या ............................ दिनांक................

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील

Scanned with OKEN Scanner

10. प्रस्तुत दरों का विवरणः–

फोटोस्टेट मशीन, फैक्स मशीन एवं प्रिंटर कार्टेज मे रिफलिंग व मरम्मत कार्य का विवरण निम्न प्रकार हैः–

| S.No | Name of Machine | Type | Cartridge no. | Rate of Reffiling Per Cartridge | Make of Ink/ Tonner to be used | Rate of Replacement Per Item | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | PCR | Magnate | Drum | Blade | Chip |
| 1 | HP Laser jet P 1566 | Printer | 78A | | | | | | | |
| 2 | HP Laser jet M 1136 MFP | Printer | 88A | | | | | | | |
| 3 | Canon LBP 151 DW | Printer | 337 | | | | | | | |
| 4 | Kyocera ECOSYS P2235 dn | Photocopy machine | TK1158 | | | | | | | |
| 5 | RICOH MP 1800L2/AFICIO MO 1800L2 | Photocopy machine | As Required | | | | | | | |
| 6 | KONICA MINOLTA pagepro 1590 MF | Printer | As Required | | | | | | | |
| 7 | KONICA MINOLTA pagepro 1500 W | Printer | TNP28S | | | | | | | |
| 8 | Cannon Image Class MF 4350d | Fax Machine | 328 Starter | | | | | | | |
| 9 | Samsung Xpress M2880 FW | Printer | As Required | | | | | | | |
| 10 | Cannon L170 | Fax Machine | As Required | | | | | | | |
| 11 | Kyocera Taskalfa-2201 | Photocopy machine | Toner TK-4109 | | | | | | | |
| 12 | Kyocera ECOSYS FS-6525 MFP | Photocopy machine | As Required | | | | | | | |
| 13 | Cannon F19700 | Photocopy machine | As Required | | | | | | | |
| 14 | HP Laser Jet Pro M104a | Printer | As Required | | | | | | | |
| 15 | HPLJM-208 DW | Printer | As Required | | | | | | | |
| 16 | HP LaserJet Tank MFP 2606 SDW | Printer | As Required | | | | | | | |
| 17 | Sharp AR-6020N | Printer | As Required | | | | | | | |

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील

Scanned with OKEN Scanner

ANNEXURE-C

# खुली निविदा हेतु नियम एवं शर्ते

1 निविदायें मुहरबन्द लिफाफे में प्रस्तुत की जाये, दरों पर कांट छांट अथवा ओवर राईटिंग न हो तथा दरें साफ स्याही से शब्दों में एवं अंको में अंकित की जाये एव निविदादाता द्वारा प्रत्येक त्रुटि सुधार पर दिनांक सहित हस्ताक्षर किये जायें। निविदा को बाल पेन से लिखकर प्रस्तुत करेंगें, पेंसिल से लिखी हुई निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।

2 सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी एवं दी जा रही दरों में समस्त चूंगी, किराया–भाडा, कर या अन्य कोई राशि जो भुगतान योग्य है, को जोड़कर एफ.ओ.आर. दरे ही दी जायेगी। सभी दरें पूर्ण अंक में दी जायेगी।

3 निविदा लागत की 2 प्रतिशत अमानता राशि केवल बैंक ड्राफ्ट अथवा पे आर्डर के रूप में स्वीकार होगी जो जिला एवं सेशन न्यायाधीश जयपुर महानगर–I के पक्ष में देय होगा। चैक या अन्य प्रकार से अमानता राशि स्वीकार नहीं की जायेगी। बिना अमानता राशि के निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। एस.एस.आई यूनिटो को नियमानुसार सीमा तक छूट देय होगी।

4 निर्धारित समय के बाद प्राप्त निविदाओं को निरस्त कर दिया जायेगा तथा इस बावत क्रय समिति द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम होगा।

5 निविदादाताओ द्वारा निविदा प्रपत्र में शर्तो के प्रत्येक पृष्ठ पर अपने हस्ताक्षर मय सील मोहर करने होंगे।

6 निविदा "जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–प्रथम" के नाम से सम्बोधित की जावेगी।

7 निविदा खोले जाने की दिनांक को अवकाश घोषित हो जाने पर निविदाऐं आगामी कार्य दिवस को प्राप्त की जा सकेगी एवं खोली जावेगी।

8 यथा सम्भव न्यूनतम दर की निविदाओं को ही स्वीकार किया जावेगा। लेकिन इसके साथ ही स्याही/टोनर की गुणवता के आधार पर स्वीकृति का अंतिम निर्णय करने का अधिकार इस कार्यालय का होगा। न्यूनतम दर वाली निविदा को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है।

9 कोई भी विवाद होने की स्थिति में जिला एवं सेशन न्यायाधीश जयपुर महानगर–प्रथम का निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा।

10 उक्त शर्तो में कोई भी संशोधन करने का विभाग को पूर्ण अधिकार होगा।

11 अनुमोदित दरें वित्तीय वर्ष 2024–25 (कुल 6 माह) की शेष अवधि की समाप्ति तक मान्य होगी।

12 निविदादाता फर्म अधिनियम के तहत पंजीकृत फर्म होनी चाहिए एवं आयकर तथा जीएसटी आदि के नवीनतम क्लीयरेंस प्रमाण पत्र सम्बन्धित विभाग से जारी अपेक्षित है।

13 सफल निविदादाता/दाताओ को कार्यादेश की 5% राशि प्रतिभूति के रूप मे जमा करवानी होगी, जिसमें अमानता राशि का समायोजन किया जा सकेगा।

14 सफल निविदादता फर्म को नियमानुसार एक अनुबन्ध पत्र का निष्पादन स्वयं के खर्चे पर रु 500/– के नॉन–ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर पर करना होगा।

15 प्रयोग में ली जाने वाली इंक/टोनर नवीनतम तैयार होनी चाहिए। एक्सपायरी तिथि पश्चात का माल स्वीकार नही किया जायेगा।

16 रिफलिंग उच्च गुणवता की स्याही से की जानी है।

17 दरें स्वीकार नहीं होने पर अमानत राशि नियमानुसार लौटा दी जावेगी।

18 रिफलिंग कार्य हेतु बिल संबंधित न्यायालय को दो प्रतियों में संबंधित फर्म द्वारा प्रस्तुत किये जायेगे। जिसके लिए कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा।

19 भुगतान ऑनलाईन जमा करवाने हेतु इन्वॉइस पर बैंक का खाता संख्या मय आईएफएससी कोड अंकित करें।

20 रिफलिंग का कार्य सम्बंधित न्यायालयों के द्वारा जारी आदेशों के अनुसार एफ.ओ.आर. किया जायेगा। जिसका सम्बंधित न्यायालय द्वारा किसी प्रकार से किराया, भाड़ा का भुगतान आदि नहीं किया जावेगा। अर्थात स्वीकृत की गई दर के अलावा अन्य कोई राशि देय नहीं होगी।

21 रिफलिंग आदेश जारी करने के पश्चात कार्य एक दिवस में करना होगा।

22 कार्य में विलम्ब के लिए राज0 लोक उपापन में पारदर्शिता नियम, 2013 के प्रावधानानुसार दण्ड से आरोपित किया जायेगा।

23 उक्त सभी शर्तो के अलावा आवश्यकता होने पर राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013 के तहत निविदा तथा संविदा की शर्तों के तहत कार्यवाही अमल में ली जावेगी।

24 निविदा प्रपत्र के बिन्दु सं. 10 में दरें स्पष्ट भरकर प्रस्तुत की जायेगी। प्रस्तुत दरें रिफिलिंग, PCR, Magnate, Drum, Blade तथा Chip हेतु अलग–अलग निर्धारित कॉलम में अंकित की जायेगी। दरों को आपस में जोड़कर नहीं लिखा जावेगा। जोड़कर लिखी गयी दरों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील

Scanned with OKEN Scanner